Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 07-03-2007

Participants : Yadav Shri Ram Kripal

Title: Need to expedite the setting up of AIIMS, Patna, Bihar -laid.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : महोदय, प्रस्तावित छः एम्स में एक पटना, बिहार में स्थापित हो रहा है। इस एम्स का कार्यक्रम 2002-03 के बजट में बना था। अब करीब पिछले छः वर्षों में अभी तक जो प्रगति हुई है, इससे मालूम होता है कि पटना एम्स अगले 10 वर्षों में भी बन जाये तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। बिहार देश का अति पिछड़ा प्रदेश है वहां के लोगों को इलाज के लिए दिल्ली या अन्य जगहों पर जाना पड़ता है। ज्यादातर मरीज गरीबी के कारण तो अपना इलाज भी नहीं करा पाते हैं और उनकी जान चली जाती है। एक एम्स पटना में बन जाने से बिहार के लोगों को काफी राहत मिलेगी, खास कर दूरदराज के मरीज जो अपना इलाज कराने में सक्षम नहीं है।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जी का ध्यान आकृट करना चाहता हूं और आग्रह करता हूं कि पटना में स्थापित हो रहे एम्स का कार्य तेजी से करवाने और शीघ्र पूरा कराने के लिए समुचित व्यवस्था करने की कृपा करें।